
तापमान
अधिकतम 17.0 डिग्री
न्यूनतम 5.0 डिग्री

हरिभूमि
# भिवानी भूमि
रोहतक, सोमवार, 26 जनवरी 2026



8 सेवा एवं सादगी से मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन





# कुछ सफर रिलीज के साथ खत्म नहीं होते : अनिल

**मुंबई।** साल 2024 में फिल्म 'फाइटर' रिलीज हुई थी। ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण अभिनीत यह फिल्म गणतंत्र दिवस के मौके पर आई थी। इसमें अनिल कपूर भी अहम रोल में नजर आए थे। इसकी रिलीज को दो साल पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर अनिल कपूर पुरानी यादों में खो गए हैं। उनका कहना है कि इस फिल्म से जुड़ी यादें आज भी ताजा हैं। उन्होंने 'फाइटर' से कुछ फोटोज शेयर किए हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'दो साल बीत गए। 'फाइटर' अब भी ऊंची उड़ान पर है। पीछे मुड़कर देखने पर उन यादों के लिए बहुत शुक्रगुजार हूं, जो स्क्रीन बंद होने के बाद भी लंबे समय तक रहती हैं। कुछ सफर रिलीज के साथ खत्म नहीं होते।

लाइफ Style



# मौनी

## इवेंट में हुई छेड़छाड़ पर जताई नाराजगी

अभिनेत्री मौनी रॉय को हाल ही में एक ऐसे घटनाक्रम का सामना करना पड़ा, जिसको लेकर उन्हें शर्मिंदगी महसूस हो रही है। इस मामले पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए कानूनी कार्रवाई की बात कही है। अभिनेत्री मौनी रॉय ने सोशल मीडिया पर एक लंबे पोस्ट में एक हैरान करने वाला खुलासा किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

एक्ट्रेस ने आरोप लगाया कि हाल ही में हरियाणा में हुए एक कार्यक्रम में कुछ बुजुर्ग पुरुषों ने उनके साथ छेड़छाड़ की। एक्ट्रेस इस हैरान कर देने वाले घटनाक्रम से सदमे में हैं और उन्हें भारी शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। मौनी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी साझा की है। मौनी ने इंस्टाग्राम पर दो स्टोरी साझा की हैं। इनमें उन्होंने लंबे नोट के साथ अपने साथ हुए हादसे का जिक्र किया है। एक्ट्रेस ने लिखा, 'पिछले दिनों करनाल में एक कार्यक्रम था और मेहमानों के व्यवहार से मैं बेहद निराश हूं। खासकर उन दो अंकल लोगों के व्यवहार से जो दादा-दादी की उम्र के हैं। जैसे ही कार्यक्रम शुरू हुआ और मैं मंच की ओर बढ़ी, अंकल और परिवार के सदस्यों सभी पुरुष ने तस्वीरें खींचने के लिए मेरी कमर पर हाथ रख दिया। जब मैंने कहा सर, कृपया अपना हाथ हटा लें, तो उन्हें यह बिल्कुल पसंद नहीं आया।'अभिनेत्री ने आगे बताया, 'मंच पर तो और भी बुरा हाल था। दो अंकल ठीक मेरे सामने खड़े हो गए और अश्लील टिप्पणियां करने लगे, मुझे अश्लील इशारे करने लगे और गालियां देने लगे। मुझे इसका एहसास हुआ और मैंने पहले तो विनम्रता से उन्हें ऐसा न करने का इशारा किया, जिस पर उन्होंने मुझ पर गुलाब फेंकना शुरू कर दिया।

हॉलीवुड मसाला




# लाइवली-टेलर ने जस्टिन पर बोला धावा

**लॉस एंजिल्स।** टेलर स्विफ्ट और ब्लेक लाइवली की निजी चैट लीक हो गई हैं, जिससे हॉलीवुड में एक नया विवाद खड़ा हो गया है। टेलर स्विफ्ट और ब्लैक लाइवली एक बार फिर सुर्खियों में हैं। वजह ये है कि दोनों की प्राइवेट चैट लीक हो गई है। इस तरह फिल्मी दुनिया में पर्दे के पीछे चल रहे विवाद एक बार फिर चर्चा का विषय बन गए हैं। हॉलीवुड की चर्चित फिल्म इट एंड्स विद अस से शुरू हुआ विवाद अब एक नया मोड़ ले चुका है। ब्लेक लाइवली और टेलर स्विफ्ट अभिनेता-निर्देशक जस्टिन बाल्डोनी से जुड़े हाई-प्रोफाइल कानूनी विवाद का हिस्सा बन गई हैं।



# हॉलीवुड की वो फिल्म जिसमें दिखी महाभारत की झलक

**लॉस एंजिल्स।** साल 2000 में हॉलीवुड में एक फिल्म आई जिसका नाम था 'द लीजेंड ऑफ बैगर वेंस'। इस फिल्म को बनाने के पीछे का उद्देश्य यूं तो आम सा था, लेकिन असल में फिल्म की कहानी कहीं और सो नहीं बल्कि 'महाभारत' से इंस्पायर्ड थी और फिल्म उस दौर में कल्ट क्लासिक बनी थी। फिल्म की कहानी है उस 'अर्जुन' के ऊपर आधारित थी, जो असल में अपने मन की एकाग्रता खो चुका है और फिर उसके जीवन में एक 'कृष्ण' की एंट्री होती है जो उसकी खोई हुई शक्तियों और उसके आत्मविश्वास को याद दिलाता है। विल स्मिथ और मैट डैमन की फिल्म 'द लीजेंड ऑफ बैगर वेंस' की इसी पर आधारित थी। फिल्म का बैकग्राउंड 1916 के सवाना यानि जॉर्जिया की पृष्ठभूमि पर आधारित था। यहीं पर रन्नुल्फ जूनह का किरदार निभाने वाले मैट डैमन एक समय के बेहतरीन गोल्फर हुआ करते थे, लेकिन प्रथम विश्व युद्ध के सदमे ने उसे अंदर से तोड़ दिया।



# सिनेमाघर पहुंचकर बोला भारत माता की जय

**मुंबई।** सिनेमाघरों में 23 जनवरी से वॉर ड्रामा फिल्म 'बॉर्डर 2' चल रही है। दर्शक इसे खूब प्यार दे रहे हैं। पहले और दूसरे दिन फिल्म ने अच्छी कमाई की। इस फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी हैं। सभी कलाकार अपने-अपने हिसाब से दर्शकों का आभार जता रहे हैं। इसी कड़ी में वरुण धवन एक सिनेमाघर में पहुंचे और दर्शकों से बातचीत की। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि वरुण धवन उस सिनेमाघर में पहुंचे जहां फिल्म 'बॉर्डर 2' चल रही थी। वह जैसे ही यहां पहुंचे सिनेमाघर तेज आवाज और सीटियों से गूंज उठा। वरुण धवन ने दर्शकों से पूछा, 'आप लोगों को फिल्म कैसी लग रही है?' इस पर दर्शकों ने जवाब दिया 'बहुत अच्छी लग रही है।' इसके बाद उन्होंने जोर से भारत माता की जय बोला।



# किंग का दमदार टीजर किया जारी...

**मुंबई।** इस बार क्रिसमस का त्योहार शाहरुख खान के नाम होने वाला है। 'किंग' के टीजर में शाहरुख खान के किरदार का लुक भी सामने आया है। साथ ही फिल्म की कहानी की भी झलक मिली है। शाहरुख खान ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में 'किंग' का दमदार टीजर शेयर किया। साथ ही कैप्शन में लिखा, 'फिल्म 'किंग' 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में दहाड़ने के लिए तैयार है।' किंग खान की इस पोस्ट को फैंस ने भी लाइक किया है। वह अपने पसंदीदा एक्टर की फिल्म देखने के लिए एक्साइटेड हैं। फिल्म 'किंग' के टीजर में शाहरुख खान का किरदार पहले एक पहाड़ की चोटी पर नजर आता है। फिर अचानक जोर से चींखता है। इसके बाद एक कांच की छत को तोड़ते हुए शाहरुख का किरदार सामने आता है। वह खून से लथपथ नजर आता है।

टीवी मसाला



# कॉमेडी नाइट्स शो छोड़ने का नहीं है कोई मलाल : उपासना

**नई दिल्ली।** कॉमेडी नाइट्स विद कपिल की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेस उपासना सिंह को आज भी लोग पिंकी बुआ के नाम से याद करते हैं। उन्होंने कपिल का शो छोड़ने के बरसों बाद अपनी खामोशी तोड़ी है। अक्सर उनके और कपिल के बीच अनबन की खबरें उड़ती रहती हैं, लेकिन उपासना ने इन सबको अफवाह करार दिया है। उन्होंने बेहद शालीनता से कहा कि उनके मन में शो छोड़ने को लेकर कोई दुख या मलाल नहीं है। उपासना ने पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि कपिल आज भी उनके छोटे भाई जैसे हैं। फिलहाल वह पंजाबी फिल्मों में काफी बिजी हैं। एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि वह सिर्फ एक्टिंग ही नहीं, बल्कि सिने एंड टीवी आर्टिस्ट एसोसिएशन की जनरल सेक्रेटरी के तौर पर भी बड़ी जिम्मेदारी निभा रही हैं। उन्होंने कलाकारों की पेमेंट समय पर दिलाने और काम के घंटे तय करने जैसे जरूरी मुद्दों पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'जब हमने ढाई साल एक साथ काम किया था। बहुत प्यारे दिन थे और मेरा किरदार पिंकी बुआ बहुत पसंद किया गया था, जैसे फिल्म 'जुदाई' का 'अब्बा, जब्बा, डब्बा'वाला किरदार फेमस हुआ था।' उपासना सिंह ने कहा, 'मैं कपिल और सारी टीम के लिए बहुत खुश हूं और मेरे मन में कोई दुख नहीं है कि मैं अब शो का हिस्सा नहीं हूं। मेरा मानना है कि जब तक भगवान ने मेरा काम वहां लिखा था, मैंने किया। मेरा और कपिल का कोई झगड़ा नहीं है।

## परिवार की मौत का बदला ही नहीं देश की रक्षा भी बना मकसद

**नई दिल्ली।** हाल ही में सीरियल 'नागिन 7' शुरू हुआ है। सीरियल में प्रियंका चाहर चौधरी लीड रोल में हैं। जल्द ही आम लड़की पूर्वी नागिन बनकर अपने परिवार की मौत का बदला लेगी। साथ ही सीरियल में वह देश की रक्षा भी करेगी। नाग मणि पान के लिए कुछ लोगों ने मिलकर पूर्वी के परिवार को मार डाला। अब वह अपना नागिन का रूप पहचान चुकी है। उसका एक ही मकसद रह गया है, अपने परिवार की मौत का बदला। उसे हत्यारों के घर में एंट्री ली है। वह एक-एक करके उन लोगों को मारेगी, जो उसके परिवार की मौत के जिम्मेदार हैं। साथ ही यही लोग देश को नुकसान भी पहुंचाने वाले हैं। ऐसे में पूर्वी नागिन बनकर, सभी बुरे लोगों का खात्मा करेगी। दूसरे हफ्ते की टीआरपी रेटिंग में सीरियल 'नागिन 7' को तीसरा स्थान मिला है।



# शहीद निर्मलजीत सिंह के परिवार से मिले सनी देओल

**मुंबई।** इन दिनों फिल्म 'बॉर्डर 2' सिनेमाघरों में लगी हुई है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ ने भारतीय वायुसेना के परमवीर चक्र विजेता शहीद निर्मलजीत सिंह सेखों का किरदार अदा किया है। सनी देओल ने हाल ही में निर्मलजीत सिंह के परिवार से मुलाकात की। फिल्म 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इसमें सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी और वरुण धवन जैसे सितारे नजर आए हैं। यह फिल्म साल 1971 के भारत-पाक युद्ध पर आधारित है। फिल्म में दिखाया गया है कि हमारी जल, थल और वायुसेना ने किस बहादुरी से दुश्मनों के छक्के छुड़ाए थे। फिल्म में दिलजीत दोसांझ ने 1971 युद्ध के हीरो शहीद निर्मलजीत सिंह सेखों की भूमिका निभाई है। सनी देओल हाल ही में निर्मलजीत सिंह के परिवार से मिले। सनी देओल ने आज रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें अभिनेता निर्मलजीत सिंह के परिवार के सदस्य के साथ नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है,



'हमारे हीरो परमवीर चक्र फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों के परिवार से मिलना मेरे लिए खुशी की बात थी। फिल्म 'बॉर्डर 2' में इनका रोल दिलजीत दोसांझ कर रहे हैं, जिनकी बेमिसाल बहादुरी की सच्ची कहानी आप फिल्म में देखेंगे। उनके परिवार से मिलना बहुत अच्छा और यादगार था'। निर्मलजीत सिंह सेखों ने 1971 के युद्ध में श्रीनगर एयरफील्ड पर पाकिस्तानी जेट हमलों का अकेले मुकाबला किया था। उन्होंने पाकिस्तान के छह फाइटर जेट खदेड़कर भारत माता की सुरक्षा की थी। महज 26 वर्ष की आयु में उन्होंने देश के लिए प्राण नौछावर कर दिए।

# ये हैं संविधान की अहमियत बताने वाली फिल्में

## मुल्क से लेकर जय भीम तक, संविधान का महत्व समझाती कहानियां

**नई दिल्ली।** आज हर देशवासी 77वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। यह दिन हमें संविधान की अहमियत समझाता है। संविधान हर भारतीय नागरिक के जीवन को कैसे सशक्त बनाता है। हमें हमारे अधिकारों से संविधान परिचित करवाता है। इस अवसर पर आप ऐसी कुछ चर्चित फिल्में भी देख सकते हैं, जो संविधान का महत्व समझाती हैं। कैसे संविधान से एक नागरिक का जीवन बदलता है, उसकी झलक इन फिल्मों की कहानियों में नजर आती है।



***मुल्क*** : ऋषि कपूर स्टारर की फिल्म 'मुल्क' 2019 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में एक अल्पसंख्यक परिवार की कहानी थी, सामाजिक भेदभाव, उत्पीड़न का शिकार होता है। ऐसे में यह परिवार कोर्ट का दरवाजा खटखटाता है। इस परिवार की बहू जो पेशे से वकील है, संविधान के आर्टिकल 15 के तहत अपने हक के लिए केस लड़ती है। संविधान का आर्टिकल 15 राज्य में धर्म, जाति, धर्म, लिंग या जन्मस्थान के आधार पर नागरिकों के बीच भेदभाव को रोकता है।

***आर्टिकल 15*** : अनुभव सिन्हा ने ही एक फिल्म 'आर्टिकल 15' बनाई थी। यह फिल्म भी आम नागरिक को उसे हक के बारे में जागरुक करती है। इस फिल्म में लीड रोल में आयुषमान खुराना थे। फिल्म की कहानी में तीन लड़कियों का अपहरण हो जाता है। इस केस के लिए जब आयुषमान खुराना पुलिस ऑफिसर बनकर जांच करते हैं तो मामला 'आर्टिकल 15' के हनन का निकलता है।

***जय भीम*** : साल 2021 में रिलीज हुई फिल्म 'जय भीम' में भी सामाजिक भेदभाव की कहानी थी। यह तमिल लीगल ड्रामा फिल्म 1993 में हुई एक असल घटना पर आधारित थी। 'जय भीम' को एक्टर सूर्या और एक्ट्रेस ज्योतिका ने प्रोड्यूस किया था। फिल्म में एडवोकेट चंद्रू का किरदार सूर्या ने निभाया था, वह इरुलर कबीले के हकों के लिए कानून का दरवाजा खटखटाते हैं। यह फिल्म संविधान के 'आर्टिकल 17' का महत्व बताती हैं। संविधान के इस अनुच्छेद के अनुसार छुआछात गैरकानूनी है।

**न्यूटन** : साल 2017 में रिलीज हुई राजकुमार राव स्टारर फिल्म 'न्यूटन' की कहानी भी नागरिकों वोट देने के उनके मौलिक अधिकारों से अवगत कराती है। संविधान हर नागरिक को वोट देने का अधिकार देता है। इस फिल्म की कहानी में राजकुमार राव एक सरकारी कर्मचारी है, जिसे छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाके में वोटिंग करवाने की जिम्मेदारी मिलती है।

## सिनेमा के हर दौर में एक ऐसी देशभक्ति फिल्म आई जो दिलों को छू गई

# इन देशभक्ति गानों को सुनकर जोश से भर जाता है हर भारतीय

*नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस के दिन हर किसी के अंदर देशभक्ति की भावना देखने को मिलती है। इसके साथ ही हर तरफ आपको कुछ ऐसे गाने सुनने को मिलेंगे जो सालों से चले आ रहे और उन्हें सुनकर देशभक्ति का जोश लोगों के अंदर जग जाता है। बॉलीवुड ने कई देशभक्ति फिल्में बनाई हैं और उनके गाने आज भी लोग पूरे दिल से सुनते हैं। हिंदी सिनेमा के हर दौर में एक ऐसी देशभक्ति फिल्म आई जो लोगों को दिलों को छू गई। उन्हीं फिल्मों में कई ऐसे गाने रहे जिन्हें लोगों ने खूब पसंद किया।*

### छोड़ो कल की बातें

1960 में रिलीज हुई फिल्म हम हिंदुस्तानी का ये गाना है। फिल्म में सुनील दत्त, आशा पारेख, संजीव कुमार और जॉय मुखर्जी जैसे कलाकार नजर आए थे। 'छोड़ो कल की बातें'गाना सुनील दत्त पर फिल्माया गया था, जबकि इस गाने को मुकेश ने गाया था। गाने के बोल प्रेम धवन ने लिखे थे और इसका म्यूजिक उशा खन्ना ने तैयार किया था। ये एक बेहतरीन देशभक्ति फिल्म थी जो उस साल की हिट फिल्मों में से एक थी।

### भारत का रहने वाला हूं

1970 में रिलीज हुई फिल्म पूरब और पश्चिम मनोज कुमार ने ही बनाई थी। फिल्म में मनोज कुमार ही लीड रोल में नजर आए थे और उनके अपोजिट सायरा बानो नजर आई थीं। ये एक सुपरहिट फिल्म थी और फिल्म में प्राण, अशोक कुमार, निरुपा रॉय, प्रेम चोपड़ा जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में थे। 'भारत का रहने वाला हूं' गाना सदाबहार बन गया था। इस गाने को महेंद्र कपूर ने गाया था, जबकि गाना मनोज कुमार पर ही फिल्माया गया था। इस गाने का म्यूजिक कल्याणजी आनंदजी ने तैयार किया था और इसके बोल इंद्रवर ने लिखे थे।



### आई लव माई इंडिया

1997 में रिलीज हुई फिल्म परदेश के डायरेक्टर-प्रोड्यूसर सुभाष घई थे। फिल्म में शाहरुख खान, महिमा चौधरी, अपूर्व अग्निहोत्री, अमरीश पुरी और आलोक नाथ अहम किरदारों में नजर आए थे। 'आई लव माई इंडिया'गाना उसी फिल्म का है जिसे आज भी लोग शान के साथ सुनते हैं। इस गाने को हरिहरण, कविता कृष्णमुर्ति, शंकर महादेवन, आदित्य नारायण ने गाया था। गाने का म्यूजिक नदीम-श्रवण ने तैयार किया था और बोल आनंद बख्शी ने लिखे थे।

### संदेशे आते हैं

1997 में रिलीज हुई फिल्म बॉर्डर को जेपी दत्ता ने बनाया था। फिल्म में सनी देओल, जैकी श्रॉफ, सुनील दत्त, अक्षय खन्ना जैसे कलाकार अहम किरदारों में नजर आए थे। ये उस साल की ब्लॉकबस्टर फिल्म थी जिसका दूसरा पार्ट 2026 में रिलीज होगा।'संदेश आते हैं' गाना उसी फिल्म का है और आज भी पसंद किया जाता है। इस गाने को सोनू निगम और रूप कुमार राठौड़ ने गाया था।

### ऐ मेरे वतन के लोगों

दिवंगत सिंगर लता मंगेशकर का ये गाना किसी फिल्म का नहीं है। उन्होंने लाइव ये गाना गाया था और बताया जाता है पहली बार जब उन्होंने ये गाना गाया तब ऑडियंस में बैठे सभी लोगों की आंखों में आंसू आ गए थे। उन लोगों में उस दौर के पीएम स्वर्गीय जवाहर लाल नेहरू भी थे, जिनकी आंखें भर आई थीं। इस गाने को आज भी लोग सुनते हैं और इमोशनल हो जाते हैं। लता मंगेशकर जब भी लाइव कॉन्सर्ट करती थीं, तब ये गाना पब्लिक डिमांड पर वो सुनाती थीं।

### मेरा मुल्क मेरा देश

1996 में रिलीज हुई फिल्म दिलजले के डायरेक्टर हैरी बावेजा थे। फिल्म में अजय देवगन और सोनाली बेंद्रे लीड रोल में थे। फिल्म में ये गाना तीन बार दिखाया गया था और आज भी लोग इस गाने को खास दिनों में सुनते हैं।'मेरा मुल्क मेरा देश' गाना कुमार सानू और आदित्य नारायण के साथ अलका यागनिक ने गाया था। गाने के बोल जावेद अख्तर ने लिखे थे जबकि इसका म्यूजिक अनु मलिक ने तैयार किया था।

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि
# भिवानी भूमि
रोहतक, सोमवार, 26 जनवरी 2026



11 सीनियर वर्ग में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश को मेडल दिलाना लक्ष्य : खुशी












## वी बी जीरामजी योजना से होगा श्रमिकों व मजदूरों का सर्वांगीण विकासः वाल्मीकि

■ विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने गुजरानी गांव का दौरा कर सुनी ग्रामीणों की समस्या

**भिवानी।** हल्का बवानीखेड़ा से भाजपा विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने वी बी जीरामजी योजना को लेकर गांव गुजरानी में जनसंपर्क अभियान चलाया तथा प्रदेश व केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को के बारे में अवगत करवाया। इसके साथ-साथ उन्होंने ग्रामीणों को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जन्मदिन की बधाई दी तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भी सुना। उन्होंने कहा कि वी बी जीरामजी योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में श्रमिकों के कल्याण और गांवों के सर्वांगीण विकास की दिशा में यह एक ऐतिहासिक, दूरदर्शी एवं जनहितकारी पहल है। यह योजना देश के करोड़ों ग्रामीण श्रमिकों, किसानों और मेहनतकश परिवारों के जीवन से सीधे तौर पर जुड़ी हुई है तथा उन्हें सम्मानजनक जीवन की ओर अग्रसर करती है। वी बी जीरामजी कानून का मुख्य उद्देश्य उन वास्तविक श्रमिक लाभार्थियों को सशक्त बनाना है, जो वर्षों तक पूर्ववर्ती सरकारों की गलत नीतियों के कारण अपने अधिकारों से वंचित रहे। अब यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव और बाधा के, सही पात्र व्यक्ति तक पहुँचे। हमारा सामूहिक दायित्व है कि इस जनकल्याणकारी योजना की सही, स्पष्ट और पूर्ण जानकारी हर पात्र व्यक्ति तक पहुँचाई जाए, ताकि विकास की यह यात्रा अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुँचे और विकसित भारत के संकल्प को साकार किया जा सके। इस दौरान ग्रामीणों ने सरपंच रेनू की अध्यक्षता में मांग पत्र सौंपा। विधायक ने उनकी मांगों व समस्याओं को ध्यानपूर्वक सूना तथा सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया।

## आदर्श गांव सुई में पांच माह से अधर में लटका सड़क निर्माण, ग्रामीणों में रोष

■ लोकनिर्माण विभाग ने सड़क बनाने के नाम पर खुदाई तो कर दी, लेकिन उसे पूरा करना शायद भूल गया।

**भिवानी।** जिले का सुई गांव एक आदर्श गांव की श्रेणी में आता है, लेकिन वर्तमान में यहां के हालात किसी दुःस्वप्न से कम नहीं हैं। पिछले पांच महीनों से बापोड़ा-सुई मुख्य मार्ग अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। लोकनिर्माण विभाग ने सड़क बनाने के नाम पर खुदाई तो कर दी, लेकिन उसे पूरा करना शायद भूल गया। अब यह सड़क ग्रामीणों के लिए जी का जंजाल और हादसों का मुख्य केंद्र बन चुकी है। ग्रामीण संदीप शर्मा, हरीश कौशिक, पंच सुशील शर्मा, राजेश मास्टर, डॉ. उमेद ने आरोप लगाया कि पीडब्ल्यूडी विभाग ने पांच महीने पहले बापोड़ा से सुई की ओर जाने वाली सड़क को खोदकर छोड़ दिया था। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क का कार्य एक इंच भी आगे नहीं बढ़ा है। खुदाई के कारण सड़क के बीचों-बीच डेढ़ से 2 फुट गहरे गड्ढे हो गए हैं, जिनमें हर समय गंदा पानी भरा रहता है। सड़क की स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि यहां से गुजरना जान जोखिम में डालने जैसा है। उन्होंने बताया कि अब तक सैंकड़ों मोटरसाइकिल सवार इन गड्ढों में गिरकर चोटिल हो चुके हैं तथा आए दिन किसी का हाथ तो किसी का पैर टूट रहा है। जलभराव के कारण गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे कभी भी कोई बड़ा जानलेवा हादसा हो सकता है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने उपायुक्त के गांव आगमन पर भी उन्हें लिखित शिकायत दी थी और समय-समय पर संबंधित अधिकारियों को भी अवगत कराया है, लेकिन प्रशासन गहरी नींद में सोया है। ग्रामीणों का कहना है कि एक तरफ सरकार गांवों को स्मार्ट और आदर्श बनाने का दावा करती है, वहीं सुई गांव की ये मुख्य सड़क सरकारी दावों की पोल खोल रही है।







77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# मलिक MINE अस्पताल




**फौजी भाईयों के लिए ECHS कार्ड**
से फ्री ईलाज, रहने व खाने की सुविधा फ्री

**कार्ड से फ्री ईलाज**
- ECHS (फौजी भाईयों का)
- AYUSHMAN
- HARYANA GOVT
- ALL TPA

**सुविधाएं (DEPARTMENT)**
- ★ EMERGENCY 24X7
- ★ ORTHO
- ★ G. SURGERY
- ★ G. MEDICINE
- ★ OBG (DELIVERY)
- ★ A EYE SURGERY
- ★ ACCIDENTAL & POISON PATIENT
- ★ ULTRASOUND

**अल्ट्रासाऊण्ड सुविधा :**
तोशाम क्षेत्र की सबसे बेहतरीन व सबसे बड़ी मशीन एवं सबसे अच्छी रिपोर्ट के साथ अल्ट्रासाऊण्ड की सुविधा अब मलिक हॉस्पिटल तोशाम में शुरू हो गई है।

सिवानी रोड़, तोशाम (भिवानी)
M.:9416301569, 9992014578

अल्ट्रासाऊण्ड स्पेशलिस्ट :
डॉ. गरिमा श्योराण
M.S. Gynaecologist



जल बचाओ ! जीवन बचाओ !

आइए जल का हम समझें मोल,
भले मिलता है सहज, पर है अनमोल

आप सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं !





**बिजेश जावला**
कनिष्ठ अभियंता जनस्वास्थ्य विभाग, भिवानी
महासचिव श्री कृष्ण कृपा जिओ गीता सेवा समिति
जिला प्रभारी पंतजलि - युवा भारत भिवानी
पर्यावरण रक्षक - नव दुर्गा सेवा सहयोग संस्था, भिवानी






सभी प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं



**श्री आदित्य शर्मा**
अध्यक्ष डॉ. तरूण शर्मा वेलफेयर सोसायटी तोशाम
एवं भूतपूर्व अध्यक्ष, जिला ब्राह्मण विकास परिषद, भिवानी



# पल्स अस्पताल

नाहड़ रोड़, कोसली

Happy Republic Day
26th January

**पल्स अस्पताल**
कोसली

अब हरियाणा सरकार के पैनल पर जिससे कैशलेस या रियायती दरों पर इलाज की सुविधा मिलेगी

हर रविवार को हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध है

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
आयुष्मान भारत
PM-JAY

अब कोसली में भी होगा आयुष्मान भारत के अंतर्गत निःशुल्क ईलाज

24/7 Emergency Services

TPA ईलाज की सुविधा उपलब्ध

अल्ट्रासाउंड सुविधा भी उलब्ध है



**OUR FACILITIES**
- FULL LAB AFACILITY
- DIGITAL X-RAY
- ALL EMERGENCY SERVICE
- LAPAROSCOPIC SERGERY
  दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
- USG (ULTRASOUND)
- ICU CARE

हमारे यहां हर तरह के पेट और हड्डी के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।

तापमान
अधिकतम 17.0 डिग्री
न्यूनतम 5.0 डिग्री

हरिभूमि
भिवानी भूमि
रोहतक, सोमवार, 26 जनवरी 2026

12 सांसद धर्मबीर की पुत्री सलोनी सिंह ने पेश की नेत्रहीनों को...



13 क्लस्टर स्तरीय टीजीटी की बैठक में लिए कई...



**खबर संक्षेप**

### शिविर में 15 को करवाया कानून से अवगत

**भिवानी।** दिव्यांग समाज हरियाणा द्वारा एलआईसी रोड़ कोर्ट परिसर में निःशुल्क कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता एडवोकेट सुनील पंवार ने की तथा मंच का संचालन प्रदेश महासचिव रोहित अग्रवाल ने किया। शिविर के दौरान 15 दिव्यांगों को निशुल्क कानूनी सलाह उपलब्ध करवाई। दिव्यांग समाज हरियाणा के प्रदेश महासचिव रोहित अग्रवाल ने अपने संबोधन में बताया, जो दिव्यांग व्यक्ति स्वयं रोजगार के लिए इच्छुक हो 22 फरवरी को अपना नाम दे सकते हैं। दिव्यांग समाज हरियाणा दिव्यांगों को स्वयं रोजगार के लिए सहायता उपलब्ध करवाएगा। जिससे की दिव्यांगजन भी स्वयं रोजगार के रास्ते पर चलकर स्वयं को स्वावलंबी बनाएं। एडवोकेट संजय अग्रवाल एडवोकेट अध्यक्ष प्रतिनिधि ने कहा की हमारा 9 सूत्रीय मांग पत्र जो दिव्यांग अधिकार अधिनियम के प्रावधानों से जुड़ा है। इस पर चर्चा तो हो चुकी है सरकार ने अभी लागू नहीं किया है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि जल्द से जल्द दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 के प्रावधानों को जमीनी स्तर पर लागू करें। इस अवसर पर कृष्ण , अतर सिंह जमालपुर, संजय चांग, रामरती समेत अनेक दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

## पैतृक गांव नांगल में पहुंचने पर ग्रामीणों ने बेटी खुशी का किया सम्मान

# सीनियर वर्ग में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश को मेडल दिलाना लक्ष्य : खुशी

- 15 वर्षीय मुक्केबाज खुशी सहारण ने 43 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मैडल प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। मुक्केबाज खुशी को सम्मानित करते खेलप्रेमी। फोटो : हरिभूमि

मिनी क्यूबा के नाम से विख्यात भिवानी की बेटियों ने मुक्केबाजी ने फिर से दम दिखाया है। 20 से 24 जनवरी तक राजस्थान के उदयपुर में इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन द्वारा आयोजित ओपन जूनियर यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप-2026 में भिवानी जिला के गांव नांगल की 15 वर्षीय मुक्केबाज खुशी सहारण ने 43 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मैडल प्राप्त किया है। खुशी सहारण ने मेडल मध्य प्रदेश की खिलाड़ी हुकमप्रीत को फाइनल में हराकर प्राप्त किया है। मैडल लेकर लौटने पर इनके पैतृक गांव नांगल में ग्रामीणों ने खुली जीत में बैठाकर फूल-मालाओं के साथ विजय जुलूस निकालकर बेटी का स्वागत किया।

गांव नांगल की कम्यूनिटी हॉल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने फूल-मालाओं स्मृति चिह्न भेंट कर खुशी को सम्मानित किया। गोल्ड मेडलिस्ट खुशी ने बताया कि जीत के पीछे कड़ी मेहनत व उनकी माता व परिजनों का आर्शीवाद है, जिसके चलते ये मुकाम पर पहुंच पाई है। खुशी 10वीं कक्षा की छात्रा है। बेटी खुशी की उपलब्धि पर माता शर्मिला व पिता उदल सिंह ने खुशी जताई। खुशी के कोच सुमित श्योराण, ताऊ उमेद सिंह, मलखान सिंह, सरपंच कुलदीप सिंह व जजपा नेता जितेंद्र धारेडू ने बताया कि गांव नांगल की बेटी खुशी बचपन से ही प्रतिभाशाली है। खुशी के दिवंगत पिता उदल सिंह अपने समय के अच्छे एथलीट रहे है। खुशी भी अपने पिता की तर्ज पर बॉक्सिंग को अपनाकर प्रदेश का नाम रोशन कर रही है। यह प्रतिदिन 3 से 4 घंटे बॉक्सिंग के रिंग में कड़ी मेहनत करती है, जिसके चलते यह जूनियर वर्ग में गोल्ड मेडल लेकर आ पाई है। उन्होंने बताया कि भविष्य में सीनियर वर्ग में देश को अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में मैडल दिलाना खुशी का लक्ष्य है। ग्रामीणों ने फूल-मालाओं सहित स्मृति चिह्न व शॉल भेंटकर खुशी के परिजनों व कोच को सम्मानित किया।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर सरपंच कुलदीप सिंह, सूरत सिंह, सूबे सरपंच, प्रेमसिंह, धर्मपाल, उमेद सिंह, दिलबाग सिंह, गौरा सिंह, राजू राजीव, जीतू शर्मा, जितेंद्र धारेडू, सत्यवान, जगबीर, कपिल, विकास, भोलू, विक्की, सुरेंद्र, अमित ढुहन, अमित मान, सुनील, अशोक पंवार व संदीप ढुहन आदि खेलप्रेमी मौजूद रहे।

## बोहल स्कूल में फिर लहराया हलके का सबसे ऊंचा तिरंगा

- 100 फिट ऊंचाई का लोहे का पोल लगाकर उसपे तिरंगा फहराने की पहल की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

कहते हैं कि नेक नीयत से जो भी काम किया जाए उसकी गूंज चारों दिशाओं में फैलती है। ऐसा ही नेक कार्य कर दिखाया है बाहल निवासी सज्जन कुमार ने। उन्होंने राजकीय उच्च विद्यालय बोहल अनूठी पहल करते हुए 100 फिट ऊंचाई का लोहे का पोल लगाकर उसपे तिरंगा फहराने की पहल की। बता दें कि गांव के एक दानी सज्जन ने अपनी स्वर्गीय माता की याद में दो साल पहले इस अनूठी पहल को साकार किया। जब वे दो साल पहले विद्यालय के स्वतंत्रता दिवस समारोह के मौके पर विद्यालय परिवार से मिले तो उन्होंने अगला स्वतंत्रता दिवस इस अनूठी देशभक्ति को अपनी स्वर्गीय माता की याद में साकार किया। बलवान ने इसके पीछे विद्यालय के मुख्याध्यापक संदीप शर्मा की प्रेरणा व उनके विद्यालय व समाज के प्रति समर्पण को दिया संदीप शर्मा के नेतृत्व में पूरा विद्यालय परिवार तल्लीनता से काम कर रहा है और शिक्षा, खेल, स्वास्थ्य, नैतिक ज्ञान, सर्वजातीय सहयोग व देश प्रथम की भावना से विद्यालय अग्रणी पंक्ति में खड़ा है। बलवान ने नए ध्वज के साथ साथ पोल को पेंट करवाकर फिर से गणतन्त्र दिवस के बेला के लिए सजा कर खड़ा करवाया। इस कार्य की पूरे क्षेत्र में चर्चा है। इस अवसर पर उनके साथ ग्राम सरपंच प्रतिनिधि रविंदर, पूर्व सरपंच व समाजसेवी साधुराम, समाजसेवी नरेश उर्फ राधू, स्कूल प्रबंधन कमेटी प्रधान पवन नेहरा, उप प्रधान सुनील कुमार विद्यालय मुख्याध्यापक संदीप शर्मा, मदनपाल, राजेश, कुलदीप यादव, संदीप नेहरा, सुरेश यादव, नीलम, सत्यवान, संदीप, अंजू, मीना, महेंद्र रतेरिया इत्यादि स्टाफ साथी उपस्थित रहे। संदीप शर्मा ने सभी ग्रामीणों को व समूची स्कूल प्रबंधन कमेटी को गणतंत्र दिवस समारोह में विद्यालय में आने का निमंत्रण भी दिया।

## लोहारू में भाजपाइयों ने केक काटकर मनाया मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जन्मदिन

**लोहारू।** लोहारू में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जन्मदिन केक काटकर उत्साह पूर्वक मनाया और भगवान से मुख्यमंत्री की लंबी आयु और बेहतर स्वास्थ्य की प्रार्थना की। इससे पहले भाजपा कार्यकर्ताओं ने अनाज मंडी में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। नगरपालिका चेयरमैन प्रदीप तायल, व्यापार मंडल प्रधान धनपत सैनी, भाजपा मंडल प्रधान रोहताश चौहान, भाजपा नेता कमलेश भोड़ूका, नाथूराम सैनी, पार्षद अशोक सैनी, पार्षद राजेश सैनी, मुकेश जेलर आदि कार्यकर्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में आज प्रदेश विकास की बुलंदियों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा की लगातार तीसरी पारी में विकास को नई गति दी जा रही है। आम आदमी के कल्याण के लिए सरकार आए दिन नई नई योजनाओं को अमलीजामा पहना रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश के विकास को नई गति मिली है तथा आने वाले समय में प्रदेश विकास के मामले में पूरे देश में नंबर वन कहलाएगा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने केक काटकर और मिठाई बांटकर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह का जन्मदिन मनाया और मुख्यमंत्री के बेहतर जीवन की कामना की।



**बहल।** बहल में मन की बात कार्यक्रम सुनते हुए भाजपा नेता गजानंद अग्रवाल व अन्य।

## भाजपाइयों ने सुनीं पीएम मोदी के मन की बात

बहल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 130 वें एपिसोड को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। भाजपा नेता गजानंद अग्रवाल के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुरानी अनाज मंडी में कार्यक्रम को सुना और कार्यक्रम को लोगों में पर्यावरण, जल संरक्षण, स्वास्थ्य, पारिवारिक और सामाजिक एकता की दिशा में प्रेरणादायक बताया। रविवार को जीटी कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल ने कहा कि पीएम ने देश के विभिन्न हिस्सों में विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण और उल्लेखनीय काम करने वाले लोगों से रूबरू करवाकर लोगों ने नई चेतना का संचार किया है। उन्होंने कहा कि लोगों का श्री अन्न से जुड़ाव कर जहां उनके स्वास्थ्य रक्षा की बात सोची है वही किसानों के हितों को साधा है। भाजपा नेता हनुमान शर्मा ने कहा कि पीएम ने युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करते हुए वोटर बनने पर उत्सव मनाने की जो प्रेरणा दी है वो नए बने मतदाताओं में उत्साह भरने का काम करेगी। वहीं, पीएम ने स्टार्टअप, समस्या का सामूहिक स्तर पर समाधान खोजने, जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा के लिए देश में किए गए प्रयासों को सामने रखकर लोगों को ऊर्जा से भरने का काम किया है।

## स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए कटिबद्ध सरकार: धर्मबीर सिंह

**बाढड़ा।** भिवानी महेन्द्रगढ लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह ने अपने संसदीय कोटे से क्षेत्र के गांवों को सार्वजनिक कामकाज व स्वच्छ पेयजल आपूर्ति में प्रयोग करने के लिए पेयजल टेंकर वितरित करते हुए पंचायत प्रतिनिधियों को सौंपे तथा जल्द ही और टेंकर भेजने की घोषणा की। सांसद धर्मबीर सिंह ने गांव हंसावास खुर्द में आयोजित कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों को पेयजल टेंकर वितरण करते हुए कहा कि जलदान महादान होता है और हमारे पूर्वज भी जगह -जगह मानव व पशुओं के लिए पीने के पानी का प्रबंध करते थे और उनके पदचिन्हों पर चलकर हम भी दूरदराज पीने के पानी की आपूर्ति की मुहिम चला रहे हैं।




To locate your nearest store and know more on 8147349242. Buy online at tanishq.co.in or Download our App *Conditions apply.

शोरुम :- विजय नगर, केएम सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के पास, हांसी गेट, भिवानी टेली. 77290-93000

### दिव्यांगजनों की शिक्षा, स्वास्थ्य व दैनिक आवश्यकताओं को सुदृढ़ करने का दिया सहयोग

# सांसद धर्मबीर की पुत्री सलोनी सिंह ने पेश की नेत्रहीनों को सशक्तिकरण की मिसाल






भिवानी। देवीबाई नेत्रहीन दिव्यांग आश्रम में मंचासीन सांसद धर्मबीर सिंह व अन्य अतिथि तथा नेत्रहीनों से मुलाकात करते सांसद धर्मबीर सिंह व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों के प्रति संवेदनशीलता एवं सेवाभाव की प्रेरणादायक मिसाल देखने को मिली। सांसद धर्मवीर सिंह की पुत्री सलोनी सिंह ने देवीबाई नेत्रहीन दिव्यांग आश्रम को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। यह सहयोग आश्रम में निवासरत नेत्रहीन दिव्यांगजनों की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं दैनिक आवश्यकताओं को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होगा। सलोनी सिंह इससे पूर्व भी समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय रही हैं, वे पिछले कई वर्षों से जरूरतमंद परिवारों के बीच दवाइयां, कंबल, राशन व घरेलू उपयोग की सामग्री वितरित कर रही हैं।

सांसद की पुत्री सलोनी सिंह ने कहा कि समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों की सेवा हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। दिव्यांगजन समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उनके सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने किसी को दूसरों की सहायता करने की क्षमता दी है, तो उसे आगे बढ़कर जरूरतमंदों का हाथ थामना चाहिए, इससे जहां जरूरतमंदों की आवश्यकताएं पूरी होती हैं, वहीं सेवा करने वाले को भी आत्मिक शांति एवं सुकून प्राप्त होता है। सलोनी सिंह एवं उनके पुत्र जयवर्धन सिंह ने बताया कि ये सहायता उन्होंने अपनी रोजमर्रा की आवश्यकताओं में कटौती कर बचत के माध्यम से जुटाई है।

#### सेवा एवं संवेदना का संस्कार निरंतर विकसित होता रहे

उन्होंने संदेश दिया कि हम चाहें तो अपनी जरूरतों को सीमित कर दूसरों के लिए कुछ सहयोग कर सकते हैं। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए सलोनी सिंह ने अपने पुत्र जयवर्धन को भी पुण्य कार्य में सहभागी बनाया, ताकि उनमें भी सेवा एवं संवेदना का संस्कार निरंतर विकसित होता रहे। आश्रम प्रबंधन ने सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह एवं उनकी पुत्री सलोनी सिंह का आभार जताया और कहा कि ये राशि दिव्यांगजनों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर देवीबाई आश्रम के संचालक आशु कामरा सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।



चरखी दादरी। छात्रा को मत पहचान पत्र देते उपायुक्त डॉ. नागपाल।

## मतदाता वोट डालकर जागरूक नागरिक होने का कर्तव्य निभाएं: डीसी

- राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन, वोटरों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

जिले के 18 वर्ष या इससे अधिक आयु के नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाएं और चुनाव के दौरान वोट डालकर जागरूक नागरिक होने का कर्तव्य भी निभाएं। जागरूक मतदाता पूरे देश की दिया और दशा बदलने में सक्षम हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा मुनीश नागपाल ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जनता कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में ये बात कही। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में मतदाता ही आधार है, ऐसे में 18 वर्ष से या इससे अधिक आयु के सभी लोगों को अपना वोट बनवाना चाहिए और प्रत्येक मतदान में वोट डालकर देश का जागरूक नागरिक होने का कर्तव्य भी निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान बिना किसी भेदभाव एवं पक्षपात के वोट डाले और एक ऐसे व्यक्ति का चुनाव करें जो आपके क्षेत्र का विकास करके उसको आगे बढ़ा सके। विकास की सोच के काम करने वाले व्यक्ति को चुनेंगे तो नागरिकों के लिए अच्छी योजनाएं बन सकेंगी और देश का विकास हो सकेगा। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन 25 जनवरी 1950 में चुनाव आयोग की स्थापना हुई थी। देश में वर्ष 2011 से हर साल इस दिन को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हम अपने जीवन में हमेशा राष्ट्रहित में मतदान करेंगे। कभी भी किसी भय, लोभ, धर्म, जाति या क्षेत्र के आधार पर उम्मीदवार को वोट नहीं डालेंगे। लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखने के लिए हर चुनाव में वोट जरूर करें और सही व योग्य उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करें।

## खबर संक्षेप

### धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह

**जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा फहराएंगे तिरंगा**

**भिवानी।** भीम स्टेडियम में 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया जाएगा। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की सभी तैयारियां कर ली गई हैं। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे और सुबह 10 बजे तिरंगा फहरांगे। नगराधीश अनिल कुमार ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा विकासात्मक झांकियों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके साथ ही स्वतंत्रता सेनानियों, उनके परिजनों, युद्ध वीरांगनाओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा निष्ठा व लगन से कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समारोह में विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ-साथ विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक पीटी प्रदर्शन किया जाएगा। समारोह में परेड की टुकडिय़ों द्वारा मार्च पास्ट किया जाएगा और राष्ट्[रीय ध्वज को सलामी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समारोह में शामिल होने के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को जरूरी निर्देश जा चुके हैं।

### मतदाताओं को दी अधिकारों की जानकारी

**बहल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिवानी एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के दिशा निर्देशानुसार व उप मंडल कानूनी सेवा समिति लोहारू के अध्यक्ष एवं उपमंडल न्यायिक दंडाधिकारी देवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में मतदाता दिवस रविवार को मनाया गया। मतदाता अधिकार दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत बहल के पंचायत घर में पैनल अधिवक्ता रामनिवास द्वारा आज 16 वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर उपस्थित मतदाताओं को मतदाता अधिकार व वोट के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने बताया कि हमें कोई भी हमारे मतदान के अधिकार से वंचित नहीं कर सकता यदि कोई अधिकारी या नेता किसी नागरिक को मतदान के अधिकार से वंचित करता है तो उसके खिलाफ न्यायालय की शरण ली जा सकती है। मतदान का अधिकार हमारा कानूनी अधिकार है व मतदाता वह शक्ति है जो सत्ता बनाने व परिवर्तन करने की ताकत रखता है । इस अवसर पर मास्टर नरेश सांखला, आदित्य आर्य,आशुतोष, कुलदीप सैनी, राम भगत चौधरी, दीपक चावला, रक्षित गोयल, राहुल, विपिन, किशनलाल सांखला, हरिकिशन वर्मा, विपिन वर्मा आदित्य सैनी विकास बागड़ी आदि लोग कैंप मे मौजूद रहे ।



भिवानी। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### संत शिरोमणि गुरू रविदास जन्मोत्सव पर हुई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

**कर्मचारी आयोग की तर्ज पर स्कूली बच्चों ने परीक्षा में दिखाई प्रतिभा**

**भिवानी।** प्राचीन गुरू रविदास मंदिर में संत शिरामणि गुरू रविदास के 649 वे जन्मोत्सव पर कर्मचारी आयोग की तर्ज पर सामान्य परीक्षा का आयोजन करवाया। परीक्षा में शहर व विभिन्न गांवो से छठी से कक्षा 12वीं तक के सैंकड़ों बच्चों ने भाग लिया। परीक्षा में प्रतियोगी विषयों से संबंधित सो प्रश्न पूछे गए। गुरु रविदास समाज कल्याण सभा के प्रधान जोगिंदर चौहान ने बताया कि गुरु रविदास जन्मोत्सव पर इस तरह की प्रतियोगिता करवाने का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों में प्रतियोगी परीक्षाओं और भविष्य निर्माण के प्रति जागरूकता फैलाना हैं। उन्होंने बताया कि शहर और विभिन्न गांव से सर्व समाज के स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़कर परीक्षा में भाग लिया जिसमें परीक्षा परिणाम 1 फरवरी गुरु रविदास जन्मोत्सव के दौरान निकाला जाएगा। उन्होंने प्रदेश की बेरोजगारी की स्थिति को ध्यान में रखते हुए कहा कि छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ अपनी स्किल को भी आगे बढ़ना चाहिए । वहीं इस अवसर पर सुरेंद्र सभ्रवाल,सतीश नरवाल ,शमशेर सिंह रंगा, जितेंदर सरोहा ,विक्रम सरोहा, मनीष सिंहमार, पूजा रंगा,पूनम सरोहा ,अमृत सरोहा, शशिकांत सिंहमार, रवींद्र बेरवाल, आशीष सरोहा, अक्षय नरवाल, राहुल सरोहा, सिद्धांत नरवाल व अंकित सरोहा आदि मौजूद रहे।

## लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपने वोट का प्रयोग करना बेहद जरूरी: एसडीएम

- लघु सचिवालय परिसर स्थित डीआरडीए हॉल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

लघु सचिवालय परिसर स्थित डीआरडीए हॉल में लोहारू के एसडीएम मनोज दलाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समारोह राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता दिवस कार्यक्रम आयोजित हुआ। एसडीएम ने कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों व कर्मचारियों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई और विभिन्न स्कूल व कॉलेजों में आयोजित मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

एसडीएम श्री दलाल ने अपना संदेश देते हुए कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रति वर्ष 25 जनवरी को पूरे देशभर में मनाया जाता है। हम सब दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का हिस्सा है और हमारा यह कर्तव्य बनता है कि इस लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाए रखने मे हम अपना अहम रोल निभाएं और अपने कर्तव्य का निर्वहन करें।

उन्होंने कहा कि 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग का गठन हुआ, क्योंकि 26 जनवरी 1950 को भारत एक गणतांत्रिक देश बनने वाला था। लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चुनाव करवाने के लिए निर्वाचन आयोग का गठन जरूरी था। तब से लेकर आज तक भारत का नाम सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में माना जाता है। निष्पक्ष चुनाव के लिए मतदाताओं को जागरूक करना जरूरी है। इसी के चलते भारत सरकार ने 2011 में निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस, 25 जनवरी को ही राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। तब से लेकर प्रशासन और अनेक संस्थाओं द्वारा लोगों को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करने के लिए और मतदान में अधिक से अधिक भागीदारी के लिए अनेक तरह के जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। आज का दिन हम सब को राष्ट्र के प्रति अपना कर्तव्य भी याद दिलाता है।

एसडीएम ने कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों व कर्मचारियों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई और कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस को जो हम एक शपथ लेते हैं उसे हम पूर्ण रूप से चरितार्थ करें। चुनाव में अपने मत का प्रयोग बिना किसी प्रलोभन में आए करें।

#### मतदान की दिलवाई शपथ

एसडीएम ने शपथ दिलाई कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## एबीवीपी संगठन नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण की पाठशाला : कायत

- विकास बने एबीवीपी के प्रदेश सहमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बड़ा छात्र संगठन है, जिसका गत 23 व 24 जनवरी को दो दिवसीय 57वां प्रांत अधिवेशन अंबाला में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें प्रदेशभर से आए छात्र प्रतिनिधियों ने शैक्षणिक एवं सामाजिक विषयों पर मंथन किया। एबीवीपी के जिला संयोजक रोहित बुरा ने अधिवेशन से लौटकर जानकारी सांझा की कि संगठन ने भिवानी के कार्यकर्ताओं की कार्यकुशलता एवं समर्पण को देखते हुए उन्हें सत्र 2025-26 के लिए प्रांत टोली (प्रदेश कार्यकारिणी) में स्थान दिया। इसके अलावा सचिन सनसनवाल को प्रांत प्रमुख स्टूडेंट्स फॉर डेवलपमेंट, विकास कायत को प्रदेश सहमंत्री एबीवीपी हरियाणा, डॉ. आकाशदीप प्रांत प्रमुख आयाम फार्माविजन, रोबिन सिंह सदस्य प्रांत कार्यकारी परिषद, राहुल वर्मा को विशेष आमंत्रित सदस्य प्रांत कार्यकारी परिषद की जिम्मेवारी सौंपी। बुरा ने बताया कि अंबाला अधिवेशन केवल दायित्वों की घोषणा तक सीमित नहीं था, बल्कि इसमें वर्तमान परिदृश्य को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए। संगठन ने प्रदेश में लोकतांत्रिक छात्र राजनीति की बहाली और छात्र संघ चुनाव जल्द करवाने की मांग पर जोर दिया।

### शहीद वीरांगनाओं व अवार्ड विजेता पूर्व सैनिकों को प्रशासन ने किया सम्मानित



**चरखी दादरी।** गणतंत्र दिवस से पहले जिला के प्रशासनिक व राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शहीद वीरांगनाओं और पुरस्कार विजेता पूर्व सैनिकों को उनके घर पर जाकर सम्मानित किया। प्रशासन की ओर से पंचायत एवं विकास विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने जिला के सभी संबंधित गांवों में जाकर युद्ध वीरांगनाओं और पुरस्कार विजेता पूर्व सैनिकों को शॉल भेंट करके सम्मानित किया। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने कहा है दादरी वीरों की धरती है और भारत की हर एक लड़ाई में यहां के जांबाज सिपाहियों ने अपना बलिदान दिया है।

### मांगों को लेकर मौजूदा लोगों की बैठक में की लिए कई निर्णय

**भिवानी।** मनोहर परिसर घंटाघर पर एक चिंतन बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में युजीसी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के माध्यम से स्वर्ण समाज को प्रताड़ित करने वाले कानून का विरोध पूरे भारत में करने के लिए कार्ययोजना को क्रियान्वयन करने के लिए सभी विद्वातजनों ने अपने विचार रखें। इस विरोध को साकार रूप देने के लिए कल मनोहर परिसर घंटाघर में ही ठीक एक बजे सभी स्वर्ण समाज के बुद्धिजीवी वर्ग को आमंत्रित किया है और सहयोग के लिए भी कहा है। पुरे भारतवर्ष में इस काले कानून युजीसी को पुर जोर विरोध किया जायेगा। बैठक में हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा के जिला अध्यक्ष बृजपाल पप्पू , पार्षद सूर्या प्रताप, नगर परिषद के उप प्रधान प्रतिनिधि संदीप तंवर, दिनेश तंवर, भूरिया शर्मा हरियाबा होटल, संजय सुंगरपुर, स्वधर्म शोध संस्थान के अध्यक्ष कर्मबीर तंवर, विकास काठ पालिया चेयरमैन,महेन्दर शर्मा, प्रवीण फौजी, अधिवक्ता रवि सिंह राय, सुनील शर्मा, बजरंग जी, सूरज जी, शक्ति जी, कृष्ण कांत शर्मा, अंकित बादशाह पार्षद प्रतिनिधि, नीरज बासिया, राकेश तायलआदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर गोद भराई कार्यक्रम

- बेटियां राष्ट्र का गौरव एवं प्रगति का आधार : सुपरवाइजर प्रगति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम में भाग लेते बालिकाएं व महिलाएं।

महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान तथा अतिरिक्त उपायुक्त के दिशा-निर्देशानुसार स्थानीय लोहड़ बाजार स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुपरवाइजर प्रगति कुमारी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण गोद भराई रस्म रही, जिसमें गर्भवती महिलाओं और नवजात बालिकाओं की माताओं को सम्मानित किया। गोद भराई कार्यक्रम के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को संदेश दिया कि आने वाली संतान चाहे बेटा हो या बेटी, दोनों का स्वागत समान उत्साह और प्रेम के साथ किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं की माताओं को विभाग की ओर से बेटी जन्म बधाई पत्र भेंट किए। इस पहल का उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना और लिंगानुमान में सुधार लाना है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने महिलाओं को पोषण, टीकाकरण और कन्या शिक्षा के महत्व की जानकारी दी। सुपरवाइजर प्रगति कुमारी ने बेटियों की समाज में भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि आज हमारी बेटियां किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं। वे राष्ट्र का गौरव, स्वाभिमान और हमारी प्रगति का असली आधार हैं।

**कार्यक्रम** समारोह के छठे दिन रविवार को लोक संस्कृति की अद्भुत छटा देखने को मिली

# गांव बापोड़ा में गूंजी पंडित लखमीचंद की रागनियां

- सूर्यकवि पंडित लख्मीचंद जयंती पर भगत पूर्णमल सांग ने किया भाव-विभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव बापोड़ा में सूर्यकवि पंडित लख्मीचंद जयंती समारोह के छठे दिन रविवार को लोक संस्कृति की अद्भुत छटा देखने को मिली। इस अवसर पर पंडित लख्मीचंद के पौत्र प्रसिद्ध सांगी विष्णुदत्त ने अपनी टीम के साथ भगत पूर्णमल के सांग का मंचन किया। लोक धुनों और सारंगी की गूंज के बीच कलाकारों ने इतिहास के उन पन्नों को जीवंत कर दिया, जिसने दर्शकों की आंखों में आंसू ला दिए। रविवार को सांग की शुरुआत स्यालकोट के राजा सुलेभान की कथा से हुई। सांगी विष्णु दत्त ने बड़े ही मार्मिक ढंग से बताया कि कैसे वर्षों तक संतानहीन रहे राजा सुलेभान के बाग, गुरु गोरक्षनाथ के आगमन से हरे-भरे हो गए।

उन्होंने कहा कि गुरू के आशीर्वाद से बड़ी रानी के घर सुंदर पुत्र 'पूर्णमल' का जन्म हुआ। सांग में मुख्य मोड़ तब आया जब 12 वर्ष का वनवास (गुप्त पालन) काटकर लौटे पूर्णमल को राजा ने अपनी छोटी माता लूनादे के दर्शन करने का आदेश दिया। लूनादे, पूर्णमल की सुंदरता देखकर उन पर मोहित हो गई और कुटिल प्रस्ताव रखा, जब धर्मपरायण पूर्णमल ने इसे ठुकरा दिया, तो रानी ने षड्यंत्र रचकर उन पर ही लांछन लगा दिया। सांग के मंचन के दौरान वह दृश्य सबसे भावुक रहा जब राजा सुलेभान ने अपनी छोटी रानी की बातों में आकर अपने निर्दोष पुत्र को मृत्युदंड का आदेश दिया। कलाकारों के



भिवानी। भगत पूर्णमल सांग का मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

जीवंत अभिनय ने उपस्थित जनसमूह को स्तब्ध कर दिया। विष्णुदत्त ने उनके दादा पंडित लख्मीचंद द्वारा रचित कालजयी रागनियों के माध्यम से समां बांध दिया। उन्होंने दिखाया कि कैसे गुरु गोरक्षनाथ ने पूर्णमल की रक्षा की और अंततः सत्य की विजय हुई, जिसके बाद पूर्णमल भगत पूर्णमल के रूप में विख्यात हुए। अंत में सांगी विष्णुदत्त ने सूर्यकवि लख्मीचंद समिति बापोड़ा का आभार जताया। आयोजन समिति के सदस्यों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से हमारी हरियाणवी संस्कृति का प्रचार-प्रसार होता है और समाज में आपसी भाईचारा और नैतिक मूल्यों को भी बल मिलता है। इस अवसर पर हनुमान कौशिक, लक्ष्मीदत वत्स, जयप्रकाश थानेदार, धर्मवीर नागर, जयप्रकाश आदि मुख्य रूप से उपस्थिति रहे।

# क्लस्टर स्तरीय टीजीटी की बैठक में लिए कई निर्णय


बवानीखेड़ा। क्लस्टर स्तरीय बैठक में उपस्थित शिक्षकगण।

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा कलस्टर के वीर शहीद कपिल देव राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कलस्टर स्तरीय टीजीटी शिक्षकों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कलस्टर एबीआरसी राज कुमारी के आह्वान पर कलस्टर के पांच विद्यालयों से लगभग एक दर्जन के करीबन शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्राचार्या संतोष भाकर ने बताया कि बच्चों के शिक्षा स्तर का ऊँचा उठाने के लिए अलग अलग तरीके अपनाने हैं। पहले हम कक्षा में होशियार बच्चे को मॉनिटर बनाकर उसके हाथ कमान सौंपते थे अब हमें कमजोर बच्चे के हाथ कमान देकर नया तरीका अपनाना चाहिए। वहीं उन्होंने बच्चों के साथ मित्रता पूर्ण व्यवहार करके शिक्षा देने व उन्हें मोटिवेट करने बारे प्रेरित किया। वहीं उन्होंने शिक्षकों से बेस्ट प्रेक्टिस के बारे भी डाटा एकत्रित किया। सभी शिक्षकों ने प्राचार्या को आश्वासन दिया कि वे शिक्षा स्तर को और ऊँचा उठाने का प्रयास करेंगे।

# जिले में धूमधाम से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

**चरखी दादरी ।** डीसी डॉ. मनीश नागपाल ने कहा कि सोमवार 26 जनवरी को दादरी जिला में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। समारोह की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। जिला के आला अधिकारियों ने रविवार को मौके पर जाकर तैयारियों को जायजा लिया। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी गणतंत्र दिवस समारोह का नई अनाजमंडी परिसर में भव्य आयोजन किया जा रहा है। लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और मार्चपास्ट की सलामी लेंगे। इस मौके पर उपस्थित जनसमूह के समक्ष मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित आकर्षक झांकियां निकाली जाएंगी। उपमंडल स्तर पर बाढ़ड़ा अनाज मंडी में गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा। यहां विधायक उमेद पातुवास राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इसके अलावा दादरी जिला की शिक्षण संस्थाओं व अन्य संस्थान में भी गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा।

# मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर नपा प्रधान ने रोपे पौधे

**बवानीखेड़ा ।** बवानी खेड़ा नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री ने मुख्यमंत्री नायब सैनी के जन्मदिवस के अवसर पर पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए मुख्यमंत्री की लंबी आयु की सुखद कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पौधारोपण न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करता है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान परवीन कुमार, सुरेंद्र कुमार, अमित कुमार, बिनु फौजी, अनिल अत्री, रणधीर, राहुल पराशर, गजेंद्र कौशिक, मास्टर विमल सिंधु, बंटी एवं स्थानीय गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारी में जुटे श्रमिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढड़ा

कस्बे की अनाज मंडी में संयुक्त बैठक आयोजित की गई जिसमें सीटू संबधित यूनियन सर्व कर्मचारी किसान सभा ने भाग लिया जिसकी अध्यक्षता में सर्व कर्मचारी नेता प्रविंद्र भांडवा भवन निर्माण कामगार यूनियन खंड कोषाध्यक्ष रोशन लाल ने की।

ग्रामीण सफाई कर्मचारी खंड प्रधान संजय कुमार जीतपुरा व मिड-डे मील खंड प्रधान राकेश देवी काकड़ोली ने कर्मचारियों से एकजुटता से संघर्ष करने की शपथ दिलवाई। सीटू जिला संयोजक राजकुमार घिकाड़ा व सीटू नेता सुमेर सिंह ने कहा कि 12 फरवरी को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल की तैयारियों को लेकर खंड स्तर पर ठोस कार्ययोजना तय की गई। यह हड़ताल केंद्र सरकार की श्रमिक-विरोधी, किसान-विरोधी और आम जनता पर बोझ डालने वाली नीतियों के खिलाफ एक निर्णायक संघर्ष है, जिसमें समाज के हर वर्ग—मजदूर, किसान, महिलाएं, युवा, कर्मचारी और छोटे व्यापारी को शामिल किया जाएगा। हरियाणा में हाल के वर्षों में बिजली दरों में बार-बार वृद्धि, यूल सरचार्ज एडजस्टमेंट बढ़ाने, स्लैब बदलने और फिस्ड चार्ज से आम घरों के बिजली बिल आसमान छू रहे हैं, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग की कमर टूट रही है। शांति बिल जैसे काले कानून आंदोलन करने के लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला कर रहे हैं, जिससे जनता की आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है।

**जिले में 6 व 7 फरवरी को रोष जत्थे निकालेंगे श्रमिक संगठन**

6 व 7 फरवरी को बाढडा दादरी में शक्तिशाली जत्था अभियान निकाला जाएगा और जिले के सभी ब्लॉकों में आम सभाओं के जरिए जन-जन तक पहुंचकर हड़ताल में बढ़-चढ़कर भागीदारी का आह्वान किया जाएगा। सीटू नेता सुमेर सिंह ने कहा कि अब समय आ गया है जब जनता एकजुट होकर खड़ी हो—हमारी मेहनत से चलता है देश, हमारी जेब से मुनाफा कमाते हैं कॉरपोरेट, लेकिन हमें मिलता है सिर्फ शोषण और अपमान।













## खबर संक्षेप

### 100 वर्षीय मनकौरी देवी के निधन पर जताया शोक

**लोहारू।** पुराना शहर निवासी रामजीलाल सैनी की माता जी मनकौरी देवी के निधन पर विधायक राजबीर फरटिया सहित विभिन्न राजनीति दलों के नेताओं और सामाजिक संगठनों व गणमान्य लोगों ने शोक प्रकट किया है। बता दें कि विगत दिवस करीब 100 वर्षीय मनकौरी देवी का विगत दिवस हृदय गति रुकने से निधन हो गया था। वे अपने पीछे नाति पौत्रों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।विधायक राजबीर फरटिया ने कहा कि मनकौरी देवी सादगी पूर्ण जीवन व्यतीत किया और परिवार को एकता में सूत्र में पिरो कर काम किया। जिससे आने वाले पीढ़ियों को प्रेरणा मिलेगी। इसके अलावा नगरपालिका चेयरमैन प्रदीप तायल, मंडल अध्यक्ष रोहताश चौहान, व्यापार मंडल प्रधान धनपत सैनी, सचिव संजय खंडेलवाल, नत्थूराम सैनी, पार्षद अशोक सैनी, पार्षद राजेश सैनी, प्रमोद शर्मा सहित अनेक लोगों ने उनके आवास पहुंचकर दिवंगत आत्मा की शांति के प्रार्थना की।

### केवल पूंजीपतियों के कर्जे माफ हो रहे :कादयान

**बाढड़ा।** किसान व नौजवान के मतों से चुनी गई केन्द्र व प्रदेश सरकार केवल अपने हित की सुरक्षा कर रही हैं और मंडी में हो खलिहान में किसान का केवल शोषण ही हो रहा है। देश में पहली बार ऐसा हो रहा है कि विश्व बैंक से ऋण भी कृषि उत्थान के रुप में हमारे नाम पर लिया जा रहा है और हमारे पर ही कर थोपे जा रहे हैं। केन्द्र व प्रदेश सरकार किसान व नौजवान को आत्मनिर्भर बनाने की बजाए केवल पूंजीपूति व्यवस्था को बढ़ावा दे रही है। सरकार दिखावे के नाम पर तो कृषि, किसान के लिए बड़ा बजट आवंटित कर लेती है लेकिन फिर निजी कंपनियों के माध्यम से उस पैसे का गोलमाल किया जाता है। यह बात किसान नेता नरेश कादयान ने बेमियादी धरने को संबोधित करते हुए कही।

### करीब चार दशकों से श्री श्याम ज्योति मंडल कर रहा धार्मिक व सामाजिक कार्य

# श्री श्याम सुंदर ज्योति मंडल और श्री श्याम सेवा समिति हुए एकजुट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू।

लोहारू में धार्मिक और सामाजिक कार्यों में अग्रणी माने जाने वाले श्री श्याम सुंदर ज्योति मंडल और श्री श्याम सेवा समिति ने एकजुट होकर कार्य करने का निर्णय लिया है। इसके लिए दोनों संगठनों के पदाधिकारियों और सदस्यों की आवश्यक बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से आगामी समय में रात्रि भजन संध्या, भंडारा और खाटू धाम पैदल यात्राएं एकजुट होकर आयोजित करने का निर्णय लिया। उक्त निर्णय की लोहारू के लोगों ने सराहना की है।

बता दें कि श्री श्याम सुंदर ज्योति मंडल लोहारू इलाके में पिछले करीब चार दशकों से धार्मिक और सामाजिक कार्य कर रहा है तथा श्री श्याम सुंदर ज्योति मंडल सहयोग से खाटू धाम में काफी वर्षों से लोहारू के नाम से धर्मशाला भी चल रही है। वहीं दूसरी ओर करीब 7 वर्ष पहले श्री श्याम सेवा समिति का भी गठन किया गया था तथा श्री श्याम सेवा समिति सामाजिक और धार्मिक कार्यों के साथ साथ सात वर्षों से जरूरतमंदों के लिए अन्न क्षेत्र चला रहा है। दोनों संगठन अलग अलग सामाजिक व धार्मिक आयोजन कर रहे थे। विगत दिवस दोनों संगठनों के पदाधिकारियों और सदस्यों की बैठक हुई और बैठक में दोनों संगठनों ने सर्वसम्मति से एकजुट होकर कार्य करने का निर्णय लिया।



लोहारू। दोनों धार्मिक संगठन के सदस्य एकजुट होकर एक दूसरे को बधाई देते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

श्री श्याम सुंदर ज्योति मंडल के प्रधान सुभाष सैनी, सचिव महेंद्र शर्मा, कैशियर बाबूलाल सैनी, सुरेश डिडवानिया, लीलाधर डालमिया, राधेश्याम स्वामी, सुभाष स्वामी, संजीव निर्वाण, पार्षद अजय शर्मा, आकाश स्वामी, देवीलाल सैनी, डीपी सैनी, मुकेश सैनी, ललित, महेश सैनी सहित अनेक सदस्यों की मौजूदगी में आयोजित हुई इस बैठक में लिए गए इस निर्णय की शहर के अनेक गणमान्य लोगों ने सराहना की है। लोगों ने दोनों संगठनों के सदस्यों की सोच को बेहतर बताया है। जानकारी के अनुसार सात सदस्यों की कार्यकारिणी गठित कर आगामी धार्मिक कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। बहरहाल दोनों संगठनों के एकजुट होने के बाद शहर के गणमान्य लोगों ने भी इसकी सराहना की है।



बवानीखेड़ा। पीएम मोदी की मन की बात सुनते हुए। फोटो : हरिभूमि

### प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी

## चेयरमैन अत्री बोले सभी बातों पर करेंगे अमल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

- मन की बात जैसे कार्यक्रम समाज को सकारात्मक दिशा के साथ-साथ जनभागीदारी को सशक्त करते है और देश के हर व्यक्ति को अपने कर्तव्य के प्रति प्रेरित करते है।

नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री ने अपने कार्यालय में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' को सुना। इस अवसर पर नगर के गणमान्य सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र निर्माण, सामाजिक सहभागिता, स्वच्छता, नवाचार और जनसेवा से जुड़े विचारों को सभी ने ध्यानपूर्वक सुना। नगर पालिका अध्यक्ष सुंदर अत्री ने कहा कि मन की बात जैसे कार्यक्रम समाज को सकारात्मक दिशा देने के साथ-साथ जनभागीदारी को सशक्त करते हैं और हम सभी को अपने कर्तव्यों के प्रति प्रेरित करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री जी के विचारों को आत्मसात कर उन्हें स्थानीय स्तर पर लागू करने का संकल्प भी दोहराया।

## 30 को भजन संध्या, महादेव एवं श्रीश्याम बाबा की महिमा का होगा गुणगान

### भजन गायक कन्हैया मितल करेंगे बाबा का गुणगान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- शेखर जैसवाल भी महादेव और श्रीश्याम बाबा के चरणों में अपनी हाजिरी लगाने पहुंचेंगे
- राजेश गोयल सिरसा कार्यक्रम में अपनी मधुर आवाज से श्रद्धालुओं को भक्ति रस से मोहित करेंगे

छोटी काशी भिवानी में एक बार फिर भक्ति की बयार बहने वाली है। कृपा सांवरे की परिवार द्वारा 30 जनवरी को नई अनाजमंडी में भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। एक शाम भोलेनाथ एवं श्रीश्याम बाबा के नाम कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता देश के प्रख्यात भजन गायकों का एक साथ मंच सांझा करना है। कृपा सांवरे की परिवार के प्रधान मनीष गोयल ने बताया कि भजन संध्या में कलाकार कन्हैया मित्तल चंडीगढ़ अपनी ओजस्वी वाणी से बाबा का गुणगान करेंगे। इसके अलावा शेखर जैसवाल नैनीताल भी महादेव और श्रीश्याम बाबा के चरणों में अपनी हाजिरी लगाने पहुंचेंगे। वही राजेश गोयल सिरसा अपनी मधुर गायकी के लिए मशहूर राजेश गोयल श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। उन्होंने सभी धर्मप्रेमी जनता से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करें और दिव्य शाम का हिस्सा बनें।

### अति वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह

## 400 बुजुर्गों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

रविवार को तोशाम परिवार मित्रगण संगठन द्वारा तोशाम के पंचायत भवन में बुजुर्गों के सम्मान में अति वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सेवानिवृत्त राज्य दिव्यांगजन आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन पूर्व पंच डॉक्टर विष्णु दत्त शास्त्री तथा मास्टर सुनील सुरा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तोशाम के सरपंच राजेश तंवर ने की वहीं गुरुग्राम के प्रसिद्ध उद्योगपति एवं तोशाम के लाडले नवीन गोयल, तोशाम के नायब तहसीलदार अशोक कुमार ने कार्यक्रम में बतौर अति विशिष्ट अतिथि शिरकत की। वहीं कार्यक्रम में तोशाम के प्रसिद्ध समाजसेवी राजेंद्र कुमार जैन, मास्टर आत्माराम, डॉक्टर सज्जन कौशिक, मास्टर हरिश महता एवं चंद्र पंघाल बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने बाबा मुंगीता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस दौरान कस्बे के 70 वर्ष से अधिक आयु के करीबन 400 बुजुर्गों को शाल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों का कार्यक्रम अध्यक्ष सरपंच राजेश तंवर व आयोजक रमेश कौशिक, संजय नाफरिया, डॉ. सुरेंद्र शर्मा, रमेश नाफरिया, श्याम सुंदर भानखड़, मास्टर अश्वनी महता, पूर्व पंच डॉ. विष्णु दत्त शास्त्री, अनिल गर्ग बागनवाला वाले, सुनील सुरा आदि ने माल्यार्पण के साथ भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान तोशाम की सबसे बुजुर्ग 101 वर्षीय महिला उत्तमी बाई तथा सबसे बुजुर्ग पुरुष 93 वर्षीय ओमप्रकाश को तोशाम गौरव सम्मान अवार्ड के साथ सम्मानित किया गया।



तोशाम। कार्यक्रम में बुजुर्गों को सम्मानित करते हुए।

## सेक्टर-13 के पार्क में पीपल के पेड़ों को काटने पर सेक्टरवासियों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- पीपल का पेड़ केवल एक वनस्पति नहीं, बल्कि हिंदु धर्म में देवता के समान पूजनीय

सेक्टर-13 स्थित पार्क नंबर-3 में प्राचीन पीपल के दो पेड़ों को काटे जाने का मामले में दी भिवानी रेजीडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने इस घटना पर कड़ा ऐतराज जताया और इसे धार्मिक और वैज्ञानिक दोनों दृष्टिकोणों से एक बड़ा अपराध बताया है। रविवार को एसोसिएशन की मीटिंग के दौरान पीपल के पेड़ काटे जाने के मामले रोष व्यक्त करते हुए एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सैक्टरवासियों ने पीपल का पेड़ काटने वाले लोगों पर एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की।

एसोसिएशन ने कहा कि पीपल का पेड़ केवल एक वनस्पति नहीं, बल्कि हिंदू धर्म में एक देवता के समान पूजनीय है। श्रीसनातन धर्म और श्रीमद्भगवद्गीता के अनुसार इस वृक्ष को देवताओं का स्वरूप माना गया है। हिंदू धर्म में पीपल को काटना, कटवाना या जलाना पूरी तरह अनुचित और वर्जित है, यहां तक कि जब बेटा पैदा होता है, तब मां के सिर पर लोटे में पीपल के पत्ते रखने की परंपरा है, जो इसके महत्व को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मामले में सैक्टर-13 पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज करवाई है तथा मंगलवार को समाधान शिविर में शिकायत सौंपकर कार्रवाई की मांग करेंगे। इस अवसर पर पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश शर्मा, फूल सिंह धनाना, पूर्व मुख्याध्यापक धनराज शर्मा, जेलदार हरिकिशन, धर्मबीर दहिया, श्यामलाल कोच, विनोद शर्मा, कृपाराम बडाला, मैनेजर मनोज शर्मा, यशपाल, सुरेश पाथरवाली व राकेश सेठी आदि मौजूद रहे।

## श्री श्याम परिवार संगठन का श्री श्याम रंगीला महोत्सव आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

- विधायक राजबीर फरटिया ने दिया एक लाख रुपये का अनुदान, कहा : संस्कृति और संस्कारों को आयाम देते हैं धार्मिक अनुष्ठान
- गायक दास महेंद्र निजामपुरिया, विजेंद्र भार्गव और अमित डालमिया के भजनों पर श्रोता झमने को मजबूर हो गए

श्री श्याम परिवार संगठन के तत्वावधान में विगत दिवस स्थानीय अनाज मंडी परिसर में प्रथम श्री श्याम रंगीला महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें प्रसिद्ध गायक गुलाब नाथ महाराज की मधुर आवाज पर श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कांग्रेस विधायक राजबीर फरटिया ने संयोजकों को एक लाख रुपये का अनुदान दिया और भव्य कार्यक्रम के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान संस्कृति और संस्कारों को आयाम देने का काम करते हैं और लोगों को आत्मिक सुख प्रदान करते हैं।

इससे पहले कार्यक्रम में महंत कैलाश नाथ, महंत गणेश जी जोगी, सोमवीर भक्त, भक्त सोमबीर मलवाणा धाम का संगठन सदस्यों लाला गुप्ता, कर्ण गुप्ता, रामफल जांगिड़ आदि ने स्वागत किया। वहीं गायक कलाकार दास महेंद्र निजामपुरिया, विजेंद्र भार्गव और अमित डालमिया ने अपने भजनों के माध्यम से श्रोताओं को झमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य गायक कलाकार गुलाब नाथ महाराज ने थारी जय हो पवन कुमार, लहर लहर लहराए रे झंडा बजरंगबली का, श्याम बाबा को श्रृंगार मनै भावे सहित अनेक भजन प्रस्तुत किए। इसके अलावा उनके कानूड़ा लाल घड़लो म्हारो भर दे रै भजन पर सभी श्रद्धालु जमकर झूमे। कार्यक्रम में श्री श्याम सुंदर ज्योति मंडल के प्रधान सुभाष सैनी, जितेंद्र भारद्वाज, जितेंद्र जांगड़ा, पार्षद अजय शर्मा, सीए विपिन अग्रवाल, महेंद्र शर्मा, डॉ वीके जैन, डॉ रमन जैन, मा. पवन स्वामी, डॉ उमेद जांगिड़, महेंद्र कथूरिया सहित अनेक लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में कांग्रेस विधायक राजबीर फरटिया महिला श्रद्धालुओं को शॉल भेंट कर सम्मानित किया।



लोहारू। 25 बीडब्ल्यूएन :19 : समारोह में विधायक राजबीर फरटिया भजन सम्राट गुलाब नाथ महाराज का सम्मान करते हुए। फोटो : हरिभूमि



भिवानी। एनएसएस शिविर के समापन पर अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों को नैतिकता व पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

### एनएसएस शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव बापोड़ा स्थित शहीद प्रताप सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ हुआ। शिविर का अंतिम दिन न केवल सेवा भाव को समर्पित रहा, बल्कि विद्यार्थियों के लिए भविष्य के नागरिक बनने की दिशा में महत्वपूर्ण अध्याय साबित हुआ। शिविर के अंतिम दिन की शुरुआत विद्यालय परिसर की साफ-सफाई के साथ हुई। कार्यक्रम अधिकारी कुलदीप राठी के दिशा-निर्देशन में स्वयंसेवकों ने पूरे जोश के साथ श्रमदान किया। इस सफाई अभियान का मुख्य उद्देश्य 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह के लिए विद्यालय प्रांगण को तैयार करना था, ताकि राष्ट्रीय पर्व को पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा सके। समापन समारोह की औपचारिक शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में हजरस संगठन के पूर्व राज्य उपप्रधान खजान सिंह बड़वड़ उपस्थित रहे। खजान सिंह ने विद्यार्थियों को नैतिकता और पर्यावरण के महत्व से जोड़ा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन ही वह आधारशिला है, जहां चरित्र का निर्माण होता है। इस अवसर पर रामधन शास्त्री, अशोक कुमार पहल, मनोज कुमार, डा. देवेन्द्र भुक्कल, हेमन्त कुमार, अशोक कुमार, संजीव कुमार व प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

